(4) मैथिली में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम. ए.) (MASTER OF ARTS IN MAITHILI.): (एम.ए. मैथिली की पाठ्य संरचना एवं संक्षिप्त सिलेबस)

उद्देश्य : मैथिली भाषा मिथिला जनपद में रहने वाले समस्त जनों की मातृभाषा है । इसका अपना साहित्य, अपनी लिपि, अपनी संस्कृति और अपना स्वरूप है । इस भाषा का साहित्य अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध है । अत: नालन्दा खुला विश्वविद्यालय ने मैथिली में मास्टर ऑफ आर्ट्स पाठ्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है । । **इस पाठ्यक्रम में नामांकन के लिये न्यूनतम योग्यता स्नातक है**।

पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा नियमावली : मैथिली में एम.ए. पाठ्यक्रम में कुल 16 पत्र होंगे (प्रथम वर्ष में कुल 8 पत्र एवं द्वितीय वर्ष में कुल 8 पत्र)। प्रत्येक पत्र 100 अंकों का होगा और प्रत्येक पत्र की परीक्षा अवधि तीन घंटे की होगी । सभी सैद्धान्तिक पत्रों में 80 अंकों के लिये तीन घंटों की परीक्षा होगी एवं 20 अंकों का सत्रीय कार्य जमा करना होगा ।

परीक्षा नियमों के अनुसार प्रत्येक पत्र में उत्तीर्ण होना आवश्यक है । उसके बाद ही विद्यार्थी को उस वर्ष/पार्ट की परीक्षा में उत्तीर्ण समझा जायेगा और अगले वर्ष/पार्ट में प्रोमोट किया जा सकेगा । इस पाठ्यक्रमों में उत्तीर्णता के लिये सभी पत्रों में कम से कम 33% अंक प्राप्त करना आवश्यक है । उपर्युक्त रूप से निर्धारित प्रतिशत प्राप्तांकों की गणना प्रत्येक पत्र की लिखित परीक्षा तथा सत्रीय कार्य में प्राप्त कुल अंकों को जोड़कर की जायेगी । इसी प्रकार सभी पत्रों में अंकों की गणना की जायेगी, परन्तु यदि किसी पत्र के लिखित परीक्षा अथवा सत्रीय-कार्य में शून्य अंक प्राप्त होता है तब उस पत्र में अनुत्तीर्ण समझा जायेगा । एक भी पत्र में अनुर्त्तीण होने का अर्थ यह होगा कि वह विद्यार्थी उस पार्ट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण समझा जायेगा और उसे फिर से परीक्षा देनी होगी तथा सत्रीय कार्य जमा करना करना होगा । अत: विद्यार्थियों को पूरी सतर्कता से लिखित परीक्षा तथा सत्रीय-कार्य की तैयारी करनी चाहिये जिससे कि दोनों का अंक मिलाकर वे प्रत्येक पत्र में उत्तीर्णता प्राप्त कर सकें और इस प्रकार अगले पार्ट में प्रोमोशन के योग्य हो जायें । पत्रों का विवरण निम्नवत है :

पत्र संख्या	पत्र का नाम	अंकों का वितरण		उत्तीर्ण होने के लिये आवश्यक न्यूनतम अंक (लिखित परीक्षा+सत्रीय कार्य)
		लिखित परीक्षा	सत्रीय कार्य	
	प्रथम वर्ष			
1.	मैथिली साहित्यक इतिहास (आदिकाल एवं मध्यकाल)	80	20	33
2	विद्यापति युग आ साहित्य	80	20	33
3	भाषा विज्ञान	80	20	33
4	संस्कृत एवं अवहट्ठ	80	20	33
5	मैथिली गद्य साहित्य (कथा एवं यात्रा साहित्य)	80	20	33
6	मैथिली मुक्तक काव्य	80	20	33
7	काव्य-शास्त्र	80	20	33
8	साहित्यक निबंध एवं लोक साहित्य	80	20	33
	कुल	**640**	**160**	**264**

	द्वितीय वर्ष			
9	मैथिली साहित्यक इतिहास आधुनिक काल	80	20	33
10	चन्दा झा युग ओ साहित्य	80	20	33
11	भाषा विज्ञान	80	20	33
12	मैथिली गद्य साहित्य (उपन्यास)	80	20	33
13	मैथिली नाटक एवं एकांकी	80	20	33
14	मैथिली प्रबन्ध काव्य	80	20	33
15	मैथिली आधुनिक काव्य	80	20	33
16	मैथिली समालोचना एवं पत्र-पत्रिका	80	20	33
	कुल	**640**	**160**	**264**